भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1309
उत्तर देने की तारीख 30.07.2026

बरुणेई में पाइक विद्रोह स्मारक का निर्माण

1309. श्री दिलीप राय :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ओडिशा राज्य के बरुणेई में पाइक विद्रोह स्मारक के निर्माण हेतु निधियों के आवंटन का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस स्मारक की आधारशिला किस व्यक्ति द्वारा और कब रखी गई; और
(ग) इस परियोजना की प्रगति का ब्यौरा क्या है तथा यह परियोजना कब तक पूर्ण होने की संभावना है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): बरुणेई, ओडिशा में पाइका विद्रोह स्मारक के निर्माण के लिए अनुमानित 90 करोड़ रुपए की राशि इंडियन ऑयल फाउंडेशन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधियों के तहत प्रदान की गई थी।

(ख): इस परियोजना की आधारशिला भारत के तत्कालीन माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द द्वारा 8 दिसम्बर, 2019 को रखी गई।

(ग): ओडिशा सरकार ने खोर्धा जिला, ओडिशा में बरुणेई की तलहटी में पाइका विद्रोह स्मारक के निर्माण के लिए 9.685 एकड़ भूमि नि:शुल्क आवंटित की है। तब से संस्कृति मंत्रालय की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), भुवनेश्वर मंडल ने वास्तविक रूप से इस भूमि को अपने अधिकार में ले लिया है।

इस परियोजना का अवसंरचना विकास कार्य मैसर्स मनोरमा कंस्ट्रक्शंस, भुवनेश्वर को दिनांक 09.09.2025 को सौंपा गया था जैसा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सूचित किया गया है, स्थल पर कार्यकलापों में संसाधन जुटाने (मोबिलाइजेशन), स्थल सर्वेक्षण, स्थल निकासी, निर्माण कार्यालय की स्थापना, निर्माण सामग्रियों का प्रापण और भवन विन्यास को चिन्हित करने का कार्य सम्मिलित है।

ओवरहेड इलैक्ट्रिक्ल लाइनों का स्थानांतरण करने और मार्ग परिवर्तन हेतु अपेक्षित अतिरिक्त कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इंडियन ऑयल फाउंडेशन, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय इस निर्माण कार्य की निगरानी कर रहा है।

*****